# पंचदश बिहार विधान सभा

## षोडश सत्र

## ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-22.04.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | श्रीमती वीणा देवी, स०वि०स०<br>श्रीमती किरण देवी, स०वि०स०<br>श्रीमती देवंती यादव, स०वि०स० | "मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बान्द्रा प्रखंड स्थित मतलुपुर पंचायत के मतलुपुर शिव मंदिर से गोपालजी त्रिवेदी के घर होते हुए तेपरी मुख्य सड़क तक की सड़क विगत 5 वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण पंचायत के करीब 7 हजार लोगों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है । साथ ही, मोटरसाईकिल एवं बड़ी वाहन भी सड़क से गुजर नहीं पा रही है ।<br>अत: उक्त सड़क का पी०सी०सी० ढलाई करने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।" | ग्रामीण कार्य |

| क्र० सं० | सदस्य का नाम | विषय | विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2. | श्री सबा जफर, स०वि०स० | "पूर्णियां जिला अन्तर्गत बायसी प्रखण्ड के बायसी बाजार के मौजा पानीस्रा थाना नं०-371, खाता नं०-296, खेसरा-297 एवं मौजा मंझुआ, खाता नं०-111, खेसरा-285 एवं खेसरा 292 सरकारी जमीन है । भू-माफिया अब्दुल राजीक ने उक्त जमीन की भुवापसी का आवेदन जमा कर अंचलाधिकारी एवं अंचल कर्मचारी की मिलीभगत से खरीदारी केवाला बनवाकर जमाबंदी में दर्ज करवा लिया है जबकि अंचल कर्मचारी एवं अंचल अमीन के प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि 1904 के खतियान में पघु वल्द बाबर अली के नाम से दर्ज है । भू-माफिया द्वारा इस प्रकार कई जमीन का आवेदन देकर अपने नाम से खरीदारी केवाला बनवाकर जमाबन्दी में दर्ज करवाया गया । हलका कचहरी, महादलित की बन्दोवस्ती तथा पट्टे की जमीन भी अवैध रूप से खरीदारी कर उस पर तीन मंजिला बिल्डिंग बनाकर नर्सिंग होम चलाया जा रहा है । भू-माफिया द्वारा सरकारी जमीन को अवैध रूप से अपने नाम जमाबन्दी करवाकर एवं उस जमीन को बेचकर सरकारी सम्पत्ति का दुरूपयोग किया जा रहा है ।<br>अतः उक्त जमीन को भू-माफिया से मुक्त कराने तथा भू-माफिया एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने हेतु मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करता हूँ ।" | राजस्व एवं भूमि सुधार |

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-26/15- 825 / वि०स०, पटना, दिनांक- 21 अप्रील, 2015 ई० ।

प्रतिः- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21.4.15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-26/15- 825 / वि०स०, पटना, दिनांक- 21 अप्रील, 2015 ई० ।

प्रतिः- उप सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

21.4.15
(भूषण कुमार झा)
उप सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।